>

Title: Regarding upgradation of road from 4 lane to 6 lane of National Highway No. 3 from Agra to Dhaulpur-Gwalior.

डॉ. मनोज राजोरिया (करौली-धौलपुर): सभापति महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र करौली-धौलपुर के धौलपुर जिला मुख्यालय पर शहर के मध्य राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या - 3 (जी.टी.रोड) गुजरता है। इस रोड को शहर से ऊँचा उठा कर बनाया गया है, यह राष्ट्रीय राजमार्ग है। यह शहर को दो भागों में बांटता है। इस राष्ट्रीय राजमार्ग को ऊँचा उठाने हेतु निर्मित पुलियों से शहर के मुख्य रास्ते अवरूद्ध हुए हैं। जिससे लोगों को राष्ट्रीय राजमार्ग पार करके दूसरी तरफ जाने में लम्बी दूरी तय करनी पड़ती है।

अतः धौलपुर शहर के मध्य नेशनल हाईवे - 03 को ऊँचा उठाने हेतु तीन पुलियों को आपस में जोड़ा जाए। धौलपुर शहर के मुख्य चौराहों को आवश्यकतानुसार चौपड़ा मंदिर चौराहे पर एक बड़ा अन्डरपास व गुलाब बाग चौराहे की तरह मचकण्ड चौराहे पर एक बड़ा ओवर ब्रिज का निर्माण धौलपुर शहर की जनता हेतु अति आवश्यक है। यह राष्ट्रीय राजमार्ग चार लेन का बना हुआ है, जो वर्तमान की आवश्यकता के अनुसार कम पड़ता है।

अत: आपके माध्यम से मेरा सरकार से आग्रह है कि आगरा से धौलपुर-ग्वालियर तक इस राष्ट्रीय राजमार्ग को जो अभी चार लेन का है, उसे छह लेन का बनाकर मेरे संसदीय क्षेत्र की जनता को अनुगृहीत करें। बहुत-बहुत धन्यवाद।